SCAN HERE



# HAMARI HINDI

## SSC-2025-26

EXAM DATE: 18 MARCH 2026 WEDNESDAY

**छात्र का नाम:** ______________________________

**क्रमांक:** ______________________________

**पाठशाला का नाम:** ______________________________

HAMARI
HINDI

Hamari-hindi.com

# भाग-1 (35M) (Q.NO.S 1 TO 7)

## प्रश्न संख्या : 1 (पठित गद्य) 5M

**I. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए।** **5 M**

अभ्यास-1 रमजान के पूरे तीस रोजों के बाद ईद आयी है। कितना मनोहर, कितना सुहावना प्रभात! वृक्षों पर कुछ अजीब हरियाली है। खेतों में अजीब रौनक है, आसमान पर कुछ अजीब लालिमा है। आज का सूर्य देखो, कितना प्यारा, कितना शीतल है। मानो संसार को ईद की बधाई दे रहा है ! ईदगाह जाने की तैयारियों हो रही हैं।

प्रश्न :

अ) संसार को ईद की बधाई कौन दे रहा है ? उत्तर- संसार को ईद की बधाई सूर्य दे रहा है।

आ) अजीब लालिमा कहाँ दिखाई दे रही थी ? (D)

A) खेतों में B) सूर्य पर C) वृक्षों पर D) आसमान में

इ) ईद के दिन प्रभात कैसा था ? (C)

A) अजीब B) रोशनदार C) सुहावना D) बधाई

ई) अजीब रौनक कहाँ नजर आ रही थी ? (D)

A) आसमान B) ईदगाह C) वृक्ष D) खेतों में

अभ्यास-2 अब हामिद अपनी दादी अमीना की गोदी में सोता है। दादी आम्मा हामिद से कहती है कि उसके अब्बाजान रुपये कमाने गये हैं। अम्मीजान अल्लाह मियाँ के घर से उसके लिए बहुत-सी अच्छी चीजें लाने गयी हैं। आशा तो बड़ी चीज है। हामिद के पाँव में जूते नहीं हैं, सिर पर एक पुरानी टोपी है, जिसका गोटा काला पड गया है। फिर भी वह प्रसन्न है।

प्रश्न :

अ) हामिद किसकी गोदी में सोता था ? उत्तर - हामिद अपनी दादी अमीना की गोदी में सोता था।

आ) रुपये कमाने कौन गये हैं ? (A)

A) अब्बाजान B) अम्मीजान C) दादी D) हामिद

इ) बड़ी चीज किसे मानते हैं ? (D)

A) रुपया B) प्यारा C) सहानुभूति D) आशा

ई) हामिद के सिर पर क्या है ? (C)

A) चश्मा B) पगडी C) पुरानी टोपी D) मुकुट

अभ्यास-3 भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। यह काम हिंदी से ही साध्य हो सका। आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है। जिनमें हिंदी और अंग्रेजी का स्थान महत्वपूर्ण है। हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं। भारत के अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती है हमें भारत के सभी प्रांतों से जुड़ने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है जिसे सारे भारत के वासी जानते हैं।

अ) देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए किसकी आवश्यकता हुई ?

उ-देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई।

आ) आज हमें क्या सीखना जरूरी है ? (D)

A) एक भाषा B) अंग्रेजी C) तमिल D) अधिक भाषाएं

इ) भारत की पहचान किस भाषा से अच्छी तरह कर सकते हैं ? (A)

A) हिंदी से B) अंग्रेजी से C) तेलुगु सज D) मराठी से

ई) हिंदी के साथ किस भाषा का महत्वपूर्ण स्थान है ? (D)

A) तेलुगू B) पंजाबी C) तमिल D) अंग्रेजी

अभ्यास-4 पुल पर गाडी अच्छी तरह चलने के बाद मुझे ख्याल आया कि पूरब की तरफ़ देखना तो छुट ही गया। हमने इस तरफ़ घूम कर देखा तो निराली ही रौनक़ नज़र आई। पश्चिम की तरफ गोदावरी जितनी चौड़ी थी, उससे भी ज़्यादा पूरब में थी। उसे कई मार्गों से और उत्तेजित होकर समुद्र में मिलना था।

अ) गाडी कहाँ चल रही थी ? उ-गाड़ी पुल पर चल रही थी।

आ) गोदावरी को किसमें मिलना था ? (C)

A) तालाब में B) रेगिस्तान में C) समुद्र में D) नहर में

इ) गोदावरी नदी किस ओर ज़्यादा चौड़ी थी ? (C)

A) दक्षिण की ओर B) उत्तर की ओर C) पूरब की ओर D) पश्चिम की ओर

ई) लेखक का किस ओर देखना छूट गया था ? (B)

A) दक्षिण की ओर B) पूरब की ओर C) उत्तर की ओर D) पश्चिम की ओर

HAMARI HINDI

अभ्यास-5 बाई साहब ठीक कहती हैं। शंकाएँ अविश्वास पैदा करेंगी और उस अविश्वास से उत्पन्न निराशा को दूर करने के लिए पायल की झंकार और भी झनक उठेगी। श्रीखंड और लड्डुओं पर जान देने वाले ब्राह्मण के आशीर्वाद का स्वर और भी तेज हो उठेगा। सहसा कहीं दूर तोपों का स्वर उठता है।

प्रश्न :

अ)सहसा कहीं दूर से किसका स्वर उठता है ? उ-सहसा कहीं दूर से **तोपों का स्वर** उठता है।

आ) निराशा को दूर भगाने के लिए क्या झनक उठेगी ? (B)

A) ढोलक B) पायल की झंकार C) घुंघुरू D) ढोलइ

इ)शंकाएँ क्या पैदा करेंगी ? (A)

A) अविश्वास B) निराशा C) अपमान D) विश्वास

ई) अविश्वास से क्या उत्पन्न होती है ? (B)

A) अपमान B) निराशा C) शंकाएं D) विश्वास

अभ्यास-6. अभागिन अमीना अपनी कोठरी में बैठी रो रही है। आज ईद का दिन है और उसके घर में दाना तक नहीं है। लेकिन हामिदा उसके अंदर प्रकाश है, बाहर आशा की किरण। हामिद भीतर जाकर दादी से कहता है "तुम डरना नहीं अम्मा, मैं सबसे पहले आऊँगा। बिल्कुल न डरना।"

प्रश्न :

अ)अमीन कहाँ बौठी रो रही है ? उ- अमीना अपनी **कोठरी में** बैठी रो रही है।

आ) अमीना के घर में क्या नहीं है ? (C)

A) सेवइयाँ B) पैसे C) दाना तक D) मिठाई

इ) अभागिन कौन है ? (A)

A) अमीना B) हामिद की दादी C) हामिद की माता D) हामिद

ई) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ? (A)

A) ईदगाह B) लोकगीत C) जल ही जीवन है D) स्वराज्य की नींव

अभ्यास-7. भारत के अलावा अन्य देशों में भी कई संस्थाएँ हिंदी के प्रचार व प्रसार में जुटी हुई है। जिनमें केंद्रीय हिंदी संस्थान हिंदी शिक्षण प्रशिक्षण कार्यों से देश-विदेश में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है आज विश्व भर में करीब डेढ़ सौ से अधिक विश्वविद्यालय हिंदी संबंधी कोर्सों का संचालन कर रहे हैं। बैंक, मीडिया, फिल्म उद्योग आदि क्षेत्रों में हिंदी की उपयोगिता दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। इस तरह आज हिंदी नए-नए रोजगारों का प्रमुख आधार बन चुकी है।

प्रश्न :

अ) हिंदी की उपयोगिता दिन ब दिन किन क्षेत्रों में बढ़ती ही जा रही है ?

उ- हिंदी की उपयोगिता बैंक, मीडिया और फिल्म उद्योग जैसे क्षेत्रों में दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

आ) हिंदी शिक्षण प्रशिक्षण कार्यों में किसका महत्तवपूर्ण योगदान रहा है ? (A)

A) केंद्रीय हिंदी संस्थान B) हिंदी साहित्य सम्मेलन C) साहित्य अकादमी D) पंजाब विश्वविद्यालय

इ) आज विश्व भर में कितने विश्वविद्यालय हिंदी कोर्सों का संचालन कर रहे हैं ? (B)

A) 100 B) 150 C) 250 D) 50

ई) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ? (D)

A) लोकगीत B) ईदगाह C) स्वराज की नींव D) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी

अभ्यास-8. शाबास मेरी कर्नल, तुम लोगों से मुझे यही आशा है। जिस स्वराज्य की नींव तुम जैसी नारियां बनने जा रही है, वह निश्चय ही महान होगा। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि वह मेरे जीवनकाल में आता है या नहीं आता, लेकिन मुझे इस बात का दुःख अवश्य है कि हमारे पास तात्या जैसे सेनापति हैं, फिर भी हमारी सेना में अनुशासन नहीं है। हमारे पास ग्वालियर का किला है, फिर भी हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। क्यों ? जानती हो क्यों ?

प्रश्न :

अ) लक्ष्मीबाई के पास कौन-सा किला है ? उ-लक्ष्मीबाई के पास ग्वालियर का किला है।

आ) सेनापति का नाम क्या है ? (A)

A) तात्या B) रघुनाथराव C) सेनानायक D) सरदार

इ) अनुशासन किन में नहीं है ? (B)

A) मंत्रियों B) सेना में C) सरदारों D) अधिकारियों

ई) नारियां क्या बनने जा रही हैं ? (C)

A) सैनिक B) देशभक् C) स्वराज्य की नींव D) रानी

अभ्यास-9. मेरे देखते-देखते क्या से क्या हो गया जूही। झांसी, कालपी, ग्वालियर कहां गये। परंतु मंजिल है कि पास आकार भी हर बार दूर चली जाती है। स्वराज्य को आते हुए देखती हूँ, परंतु दूसरे ही क्षण मार्ग में हिमालय अड़ जाता है। उसे पार करती हूँ तो महासागर की डरावनी लहरें थपड़े मारने लगी हैं। उनसे जूझती हूँ तो नाविक सो जाते हैं। देखो जूही, उधर क्षितिज पर देखो। कैसी लपलपाती हुई लपटें उठ रही हैं। सारा आकाश धूम घटाओं से छाया हुआ है।

प्रश्न :

अ) महासागर की डरावनी लहरें क्या मारने लगी हैं ? उ- महासागर की डरावनी लहरें थपेड़े मारने लगी हैं।

आ) थपेड़ों से जूझने पर कौन सो जाते हैं ? (C)

A) लश्मीबाई B) तात्या C) नाविक D) घोड़े

इ) सारा आकाश किस से छाया हुआ है ? (D)

A) पक्षियों से B) तारों से C) बादलों से D) धूम घटाओं से

स्वराज्य के मार्ग में क्या अड़ जाता है ? (A)

A) हिमालय B) गंगा नदी C) विंध्या D) विघ्न

अभ्यास-10 इनमें रंग-बिरंगे बादलों वाला आसमान नहाने के लिए उतरता हुआ दिखाई पड़ता और इससे पानी की गहराई और भी अथाह हो जाती। कहीं-कहीं चंचल कमलों के बीच खामोश खड़े हुए बगुलों को देखकर सेबेरे की ठंडी-ठंडी हवा का अभिनंदन करने को मन मचल पड़ता। इस तरह कविता-प्रवाह में बहकर जाते हुए कोव्वूर स्टेशन आ गया। मन में यह उमंग भरी थी कि अब यहाँ से गोदावरी मैया के भी दर्शन होने लगेंगे।

प्रश्न :

अ) लेखक का मन क्यों मचलता था ?

उ- लेखक का मन इसलिए मचलता था कि रंग-बिरंगे बादलों वाला आसमान, ठंडी-ठंडी हवा और सुंदर प्राकृतिक दृश्य देखकर उसका मन आनंदित हो गया था।

आ) सेबेरे की हवा कैसी थीं ? (B)

A) गरम B) ठंडी-ठंडी C) भारी D) तेज

इ) बगुले कहाँ खड़े हुए थे ? (C)

A) पटरी पर B) पानी में C) कमलों के बीच D) नदी में

ई)मन में किस के दर्शन करने की उमंग भरने लगी ? (A)

A) गोदावरी मैया B) गंगा मैया C) कावेरी मैया D) कृष्णा मैया

अभ्यास-11 छोटे-बड़े जहाज़ तो नदी के बच्चे हैं, जो माता के स्वभाव से परिचित होने के कारण उसके गोद में मनमाना नाचें, खेलें, उछलें और कूदें, तो उन्हें इससे रोकने वाला कौन है? लेकिन बच्चों की उपमा तो इन नावों की अपेक्षा प्रवाह में जहाँ-तहाँ पडते हुए भँवरों को देनी चाहिए। कुछ देर दिख पड़े, थोडी ही देर में भयानक तूफ़ान का स्वाँग रचा और एक ही पल में खिल-खिलाकर हँस पड़े। ये भँवरे न जाने कहाँ से आते और कहा चले जाते हैं।

प्रश्न :

अ) बच्चों की उपमा किनको देनी चाहिए ? उ-बच्चों की उपमा **भँवरों** को देनी चाहिए।

आ) नदी के बच्चे कौन हैं ? (D)

A) नाव B) मछुहारे C) मछलियाँ D) छोटे बड़े जहाज

इ) छोटे-बड़े जहाज़ किस के स्वभाव से परिचित है ? (A)

A) माता B) बच्चे C) पिता D) दादा

ई) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? (B)

A) स्वराज्य की नींव B) दत्रिणी गंगा गोदावरी C) जल ही जीवन D) ईदगाह

## प्रश्न संख्या : 2 (पठित पद्य) 5M

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए।** **5M**

अभ्यास-1 'म्याव-म्याव' रे मोर 'पीउ' 'पीउ' चातक के गण,S
दादुर टर-टर करते झिल्ली बजती झन-झन।
उड़ते सोनबालक, आर्द-सुख से कर क्रंदन,
घुमड़-घुमड़ गिर मेघ गगन में भरते गर्जन ॥

प्रश्न :

अ) चातक गण क्या करते हैं ? उ-चातक गण 'पीउ-पीउ' करते हैं।

आ) दादुर की आवाज़ कैसी होती है ? (C)

A) म्याव-म्याव B) पीउ-पीउ C) टर-टर D) झन-झन

इ) मेघ कहाँ गर्जन करते हैं ? (B)

A) वर्षा में B) गगन में C) सागर में D) तालाब में

ई)झन-झन करके क्या बजती है ? (C)

A) दादुर B) चातक C) झिल्ली D) मोर

अभ्यास-2 पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,
आओ रे सब मुझे घेर कर गाओ सावन।
इंद्रधनुष के झूले में झूलें मिल सब जन,
फिर-फिर आये जीवन में सावन मनभावन॥

प्रश्न :

अ) हमें किस झूले में झूलना है ? उ-हमें इंद्र धनुष के झूले में झूलना है।

आ)कवि का मन किसे पकड़कर झूलने को कहता है ? (A)

A) वारि की धार को B) मन को C) झूले को D) इंद्रधनुष को

इ) हमारे जीवन में बार-बार क्या आना चाहिए ? (A)

A) सावन B) वारि C) इंद्रधनुष D) मनभावन

ई) उपर्युक्त पद्यांश किस कविता पाठ से दिया गया है ? (A)

A) बरसते बादल B) हम भारतवासी C) कण कण का अधिकारी D) भक्ति पद

अभ्यास-3 ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे॥
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे॥

प्रश्न :

अ)भारतवासी निराशा दूर भगाकर क्या जगायेंगे ? उ-भारतवासी निराशा दूर भगाकर विश्वास जगायेंगे।

आ) भारतवासी क्या सरसायेंगे ? (C)

A) विश्वास B) प्रेम C) अमृत रस D) प्यार

इ) भारतवासी दुनिया को क्या बनाना चाहते हैं ? (C)

A) अद्भुत B) अमृत C) पावनधाम D) बाग

ई) भारतवासी दिल में क्या बसायेंगे ? (D)

A) अमृत B) नफ़रत C) घृणा D) प्यार

अभ्यास-4 उलझन में उलझे लोगों को, तथ्य दीप समझायेंगे।
भटक रहे जो जीन पथ से, उनको राह दिखायेंगे॥
हम खुशियों के दीप जला, जीवनज्योत जलायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे॥

प्रश्न :

अ) भारतवासी किनको सही राह दिखायेंगे ? उ- भारतवासी **जीन पथ से भटक रहे लोगों को** सही राह दिखायेंगे।

आ) उलझन में उलझे लोगों को भारवासी क्या समझायेंगे ? (C)

A) ईमानदारी B) सही राह C) तथ्य दीप D) सच

इ) भारतवासी दुनिया को क्या बनायेंगे ? (B)

A) बाग B) पावनधाम C) राह D) खुश

ई) भारतवासी कौन-से-दीप जलायेंगे ? (D)

A) नफ़रत के B) तथ्य दीप C) उलझनों के D) खुशियों के

अभ्यास-5 मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे।
सत्य, अहिंसा, त्याग, समर्पण की बगिया महकायेंगे।
जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे।
विश्वबंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे॥

प्रश्न :

अ) भारतवासी कैसी बगिया महकायेंगे ? उ- भारतवासी सत्य, अहिंसा, त्याग और समर्पण की बगिया महकायेंगे।

आ) भारतवासियों का मूल मंत्र क्या है ? (B)

A) सत्य B) विश्वबंधुत्व C) अहिंसा D) त्याग

इ) धरती को स्वर्ग बनाने के लिए किसे मिटाना चाहिए ? (D)

A) समर्पण B) त्याग C) श्रद्धा D) क्लेश

ई) मन में किस का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे ? (A)

A) श्रद्धा और प्रेम का B) क्लेश का C) विश्वबंधुत्व का D) समर्पण का

HAMARI HINDI

अभ्यास -6 नर-समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है।

अ) नर समाज का भाग्य क्या है ? उ- नर-समाज का भाग्य श्रम और भुजबल है।

आ) श्रमिक के आगे क्या-क्या झुक जाते हैं ? (C)
A) तल नभ B) नभ तल C) पृथ्वी और नभ-तल D) पृथ्वी

इ) श्रम और भुजबल किसका भाग्य है ? (D)
A) श्रमिको का B) गरीब का C) अमीर का D) नर-समाज का

ई)इस पद्यांश के कवि कौन है ? (C)
A) पंत जी B) निशंक जी C) दिनकर जी D) रहीम जी

## प्रश्न संख्या : 3 (उपवाचक) 5M

**3.निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5 M**

अभ्यास -1 सबसे पहले तो हमें यह जान लेना चाहिए कि शांति क्या है ? शांति का केवल यह अर्थ नहीं कि मुख से चुप रहे। अपितु मन को नियंत्रित कर उसे बुराई के रास्ते पर चलने से रोकना ही वास्तविक शांति है। इसलिए जहाँ शांति है, वहाँ सुख है, जहाँ सुख है वही स्वर्ग है, जहाँ स्वर्ग है वही दुनिया का श्रेष्ठ स्थान है। युद्ध, दुःख लालच और सभी पीडाओं को मिटाने का एकमात्र साधन है-शांति। धन-दौलत से भौतिक संपदा खरीद सकते हैं, किंतु शांति नहीं।

प्रश्न :

अ) वास्तविक शांति क्या है ? उ- मन को नियंत्रित करके उसे बुराई के रास्ते पर चलने से रोकना ही वास्तविक शांति है।

आ) जहाँ शांति होती है, वहाँ क्या होती है ? (C)
A) दुःख B) बुराई C) सुख D) स्वर्ग

इ) सभी पीड़ाओं को मिटाने का एकमात्र साधन क्या है ? (A)
A) सांति B) धन-दौलत C) मन D) युद्ध

ई) धन दौलत से क्या खरीद नहीं सकते हैं ? (B)
A) लालच B) शांति C) भौतिक संपदा D) दुःख

अभ्यास -2 पुराने स्कूल में उसके बहुत सारे मित्र थे और सभी अध्यापक भी उसे पसंद किया करते थे। वह सबसे खुशी-खुशी मिलता और मुस्कुराकर 'हैलो' कहता।जब भी कोई कठिनाई में होता तो राजू सबसे पहले उसकी मदद के लिए पहुँच जाता। उसके पुराने स्कूल में कभी किसी ने भी उसकी कमजोरी की ओर भी ध्यान नहीं दिया। उसकी टांगे बहुत पतली और दुर्बल थीं। उसके घुटनों में शक्ति नहीं थी और अधिक समय तक वे उसके शरीर का भार बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं।

प्रश्न :

अ) पुराने स्कूल में किसको अध्यापक पसंद करते थे ? उ- पुराने स्कूल में **राजू** को अध्यापक पसंद करते थे।

आ) मुस्कुराता चेहरा किसका है ? (C)
A) सोहन B) रमेश C) राजू D) राजेश

इ) कोई कठिनाई में हो तो राजू क्या करता था ? (B)
A) मजाक B) मदद C) विरोध D) विमर्श

ई) राजू की ठांगे कैसी थी ? (A)
A) पतली B) लंबी C) मोटी D) सुंदर

अभ्यास -3 मंडेला को लोकतंत्र के प्रथम संस्थापक और उद्धारक के रूप में देखा जाता था। नेल्सन मंडेला दक्षिण अफ्रीका में प्रायः मदीबा कहकर बुलाया जाता है। यह शब्द बुजुर्गों के लिए सम्मान सूचक है। उन्हें अब तक 250 से भी अधिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

प्रश्न :

अ) मंडेला को किस रूप में देखा जाता था ?
उ- मंडेला को लोकतंत्र के प्रथम संस्थापक और उद्धारक के रूप में देखा जाता था।

आ) अफ्रीका में बुजुर्गों का सम्मान सूचक शब्द क्या है ? (A)
A) मदीबा B) अनुबा C) तेरेसा D) जयब

इ) मंडेला को कितने पुरस्कार मिले ? (A)
A) 250 B) 255 C) 265 D) 225

ई) दक्षिण अफ्रीका में लोकतंत्र के उद्धारक कौन हैं ? (A)
A) मंडेला B) गाँधी C) तेरेसा D) पटेल

HAMARI HINDI

अभ्यास -4 मदर तेरेसा अनाथों, गरीबों और रोगियों की सेवा करना चाहती थीं। इसलिए उन्होंने सन् 1950 में कोलकता में मिशनरीज़ ऑफ चारिटी की स्थापना की। उनके द्वारा स्थापित संस्था को ही निर्मल ह्दय कहते हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन गरीब, अनाथ और बीमार लोगों की सेवा में लगा दिया। सन् 1970 तक वे गरीबों और असहायों के लिए अपने मानवीय कार्यों के लिए प्रसिद्ध हो गई।

प्रश्न :

अ) मदर तेरेसा किन की सेवा करना चाहती थी ? उ- मदर तेरेसा अनाथों, गरीबों और रोगियों की सेवा करना चाहती थीं।

आ) सन् 1950 में किस संस्था की स्थापना हुई ? (C)

A) आर्फन चारिटी B) फ्रीचारिटी C) मिशनरीज़ ऑफ चारिटी D) सेमि आर्फन चारिटी

इ) मिशनरीज़ ऑफ चारिटी की स्थापना कहाँ की गई ? (A)

A) कलकत्ता B) दिल्ली C) हैदराबाद D) विजयवाड़ा

ई) मदर तेरेसा किन कार्यों के लिए प्रसिद्ध हो गई ? (A)

A) मानवीय B) स्थानीय C) राष्ट्रीय D) अंतराष्ट्रीय

अभ्यास -5 सारी रात राजू अपने पुराने स्कूल के विषय में सोचता रहा और उसने सच्चे मन से प्रार्थना की उसका नया स्कूल भी उसके पुराने स्कूल जितना ही अच्छा हो। वैसे राजू यह बात भली-भांति जानता था कि यदि स्वर्ग में भी स्कूल हो तो वह भी उसके पुराने स्कूल से ज्यादा अच्छे तो नहीं हो सकते। उसके स्कूल छोड़ते समय भी मित्र कितने रो रहे थे? उसके संगी-साथी, अध्यापक गण और यहाँ तक कि प्रधानाचार्य ने भी उसके पिताजी से उसे वहीं छोड़ जाने का अनुरोध किया था।

प्रश्न :

अ) राजू रात भर क्या सोचता रहा ? उ- राजू सारी रात भर अपने पुराने स्कूल के विषय में सोचता रहा।

आ) राजू ने सच्चे मन से क्या किया ? (C)

A) गाना B) खेलना C) प्रार्थना D) पढ़ना

इ) राजू ने अपनी पुरानी पाठशाला की तुलना किससे की ? (B)

A) भूमि B) स्वर्ग C) आकाश D) नरक

ई) राजू स्कूल छोड़ते समय मित्र क्या कर रहे थे ? (C)

A) पढ़ रहे B) लिख रहे C) रो रहे D) हँस रहे

अभ्यास -6 अगले दिन प्रातः राजू जल्दी ही उठ गया और फटाफट उसने अपनी वरदी भी पहन ली। आइने में अपने को देखकर सोचने लगा कि वरदी तो अच्छी लग रही है। हो सकता है कि स्कूल भी अच्छा ही हो। लेकिन फिर भी उससे नाश्ता नहीं किया जा सका। माता-पिता समझ गए और उन्हें जबरदस्ती नहीं की। पिताजी ने अपनी गाडी मे स्कूल के फाटक तक छोड़ दिया और अपने बेटे को मुस्कुराकर कर विदा किया।

प्रश्न :

अ) अगले दिन राजू कैसे तैयार हुआ ? उ- अगले दिन राजू जल्दी उठकर फटाफट वर्दी पहनकर तैयार हुआ I

आ) राजू को क्या अच्छी लगी ? (D)

A) पुस्तक B) गाड़ी C) घड़ी D) वरदी

इ) राजू को स्कूल के फाटक तक किसने छोडा ? (A)

A) पिताजी B) दादाजी C) मामाजी D) भाई

ई) पिताजी ने किसे मुस्कुराकर विदा किया ? (B)

A) दादा-दादी को B) बेटे को C) माता-पिता को D) मामा-मामी को

अभ्यास -7 राजू धीरे-धीरे चलने गया। क्योंकि बहुत तेज नहीं चल सकता था। उसकी मधुर मुस्कान को लोग घूरते रहे ओर कुछ ने तो उसकी टांगों की ओर संकेत करके हंसते हुए उसका मजाक भी उडाया। कुछ क्षणों में ही पूरा मैदान और बरामद से देखने और उसकी ओर इशारा करके हंसने वाले हमसे भर गये। स्कूल के अध्यापक भी पास से ऐसे गुज़रे जैसे कुछ हो ही नहीं रहा है।

प्रश्न :

अ) राजू कैसे चलने लगा और क्यों ? उ- राजू धीरे-धीरे चलने गया। क्योंकि बहुत तेज नहीं चल सकता था।

आ) राजू की मुस्कान कैसी थी ? (B)

A) सुंदर B) मधुर C) असुंदर D) अमधुर

इ) कुछ छात्र किसकी ओर संकेत करके हंसते थे। (A)

A) राजू की टांगों B) हाथों की ओर C) सिर की ओर D) मुख की ओर

ई) पूरा मैदान और बरामदा किनसे भर गया ? (D)

A) खेलने वालों से B) गाने वालों से C) रोने वालों से D) हंसने वालों से.

HAMARI HINDI

## प्रश्न संख्या : 4 (अपठित गद्य) 5M

**4.निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए।** **5 M**

अभ्यास -1 भारत का एक प्रमुख त्यौहार दीपावली है। यह त्यौहार अश्विन अमावस्या के दिन मनाया जाता है। इस दिन चारों ओर उल्लास और आनंद छा जाता है। इसे प्रकाश पर्व भी कहा जाता है। दीपों के प्रकाश में अमावस्या की रात पूर्णिमा जैसी लगती है। हमारे यहाँ प्रकाश को ज्ञान, प्रगति और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना गया है।

प्रश्न :

अ) दीपों के प्रकाश में अमावस्या की रात कैसी लगती है ? उ- दीपों के प्रकाश में अमावस्या की रात पूर्णिमा जैसी लगती है।

आ) दीपावली के दिन चारों ओर क्या छा जाता है ? (C)

A) उल्लास B) आनंद C) उल्लास और आनंद D) खुशी

इ)ज्ञान, प्रगति और सुख-समृद्धि का प्रतीक किसे माना गया है ? (B)

A) दीप को B) प्रकाश को C) अंधकार को D) त्यौहार को

ई) दीपावली को कैसा पर्व कहा जाता है ? (D)

A) मिठाइयों का पर्व B) दीपों का पर्व C) खुशी का पर्व D) प्रकाश का पर्व

अभ्यास -2 गर्मी के दिन थे। एक प्यासा भालू पानी के लिए मिज़ोराम के जंगल में बहुत देर से भटक रहा था। एक पेड़ पर बैठा एक बंदर उसे बहुत दूर से देख रहा था। भालू के नजदीक आने पर बंदर ने पूछा "भालू मौसा आज इधर से कहाँ जा रहे हो?" भालू ने जवाब दिया- "क्या बताऊँ? गर्मी से प्राण सूखे जा रहे हैं। कहीं भी पानी नहीं मिला।"

प्रश्न :

अ) गर्मी के मारे किसके प्राण सूखे जा रहे थे ? उ- गर्मी के मारे भालू के प्राण सूखे जा रहे थे।

आ) प्यासा भालू किस जंगल में भटक रहा था ? (B)

A) आंध्र के जंगल में B) मिज़ोरम के जंगल में C) सिक्किम के जंगल में D) केरल के जंगल में

इ) पेड़ पर कौन बैठा था ? (C)

A) कौआ B) कोयल C) बंदर D) चीता

ई) बंदर ने किसे मौसा कहा ? (D)

A) बिल्ली को B) शेर को C) चीते को D) भालू को

अभ्यास -3 भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी का स्थान प्रमुख है। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 में उडीसा प्रांत के कटक नगर में हुआ। उनके पिताजी श्री जानकीदास बोस एक प्रसिद्ध वकील थे। उनकी प्राथमिक शिक्षा कटक में हुई। उच्च शिक्षा के लिए वे कलकत्ता गए। बी.ए. के बाद वह आई.सी.एस की परीक्षा पास करने के लिए इंग्लैंड गए।

प्रश्न :

अ) नेताजी कौन-सी परीक्षा पार पास करने इंग्लैंड गए ? उ- नेताजी आई.सी.एस की परीक्षा पास करने के लिए इंग्लैंड गए।

आ) सुभाष चंद्रबोस के पिता का नाम क्या है ? (B)

A) मोहन दास बोस B) जानकीदास बोस C) चंडीदास बोस D) देवदास बोस

इ) नेताजी उच्च शिक्षा के लिए कहाँ गए ? (A)

A) कलकत्ता B) हैदराबाद C) जापान D) चेन्नई

ई) नेताजी का जन्म कब हुआ ? (A)

A) 23 जनवरी 1897 B) 16 अक्टूबर 1957 C) 6 अक्टूबर 1957 D) 3 जनवरी 1897

अभ्यास -4 मनुष्य के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। तंदुरुस्त रहने से मन प्रसन्न रहता है। मनुष्य दुगुने उत्साह के साथ अपने काम में लग सकता है। इसके विपरीत अस्वस्थ रहने से वह उदास हो जाता है। मन नीरस रहता है। इसलिए कहा गया है कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निवास होता है।

प्रश्न :

अ) स्वस्थ तन में किसका निवास होता है ? उ- स्वस्थ तन में स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निवास होता है।

आ)अस्वस्थ रहने से मनुष्य क्या हो जाता है ? (B)

A) चुस्त B) उदास C) प्रसन्न D) भड़कीला

इ) तंदुरुस्त रहने से क्या प्रसन्न रहता है ? (C)

A) उत्साह B) तन C) मन D) अस्वस्थ

ई)मनुष्य के लिए क्या अत्यंत आवश्यक है ? (A)

A) स्वस्थ रहना B) अस्वस्थ रहना C) उदास रहना D) भुलक्कड

HAMARI HINDI

## प्रश्न संख्या : 5 (अपठित पद्य) 5M

**5.निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए।** **5 M**

अभ्यास -1 सूरज की किरणें आती हैं।
सारी कलियाँ खिल जाती हैं
अंधकार सब खो जाता है
जग सुंदर बन जाता है।

अ) किरणें किसकी आती हैं ? उ- सूरज की किरणें आती हैं।

आ) कलियाँ क्या हो रहे हैं ? (A)

A) खिल रहे हैं B) फल C) फूल D) तिनके

इ)जग कैसा दिखता है ? (B)

A) कुरूप B) सुन्दर C) काला D) सफेद

ई)अंधकार क्या हो जाता है ? (C)

A) ढल जाता है B) भाग जाता है C) खो जाता है D) दूर हो जाता है

अभ्यास -2 एक दिन ही रहता है
घास के झूले में झूलता है
चांदी जैसा चमकता है
चांदनी को भी लजाता है
घास का फूल धरती का लाडला रे राता।

अ) घास का फूल कितने दिन रहता है ? उ- घास का फूल एक दिन रहता है।

आ) फूल किस के झूले में झूलता है ? (A)

A) घास के B) बांस के C) लडकी के D) डाली

इ) घास का फूल कैसा चमकता है ? (B)

A) सोना सा B) चंदी जैसा C) तांबा सा D) लोहा सा

ई)धरती का लाडला कौन है ? (C)

A) गुलाब B) चमेली C) घास का फूल D) जूही

अभ्यास -3 काली छटाएँ छा गयी नभ पर
छम-छम बूँदे गिरी पृथ्वी पर
तृण-तृण पुलकित खेतों पर
नव जीवन छा गया पेड़ों पर
वर्षा ही प्राणि मात्र का जीवन रे राजा।

अ) नभ पर क्या छा गयी हैं ? उ- नभ पर काली छटाएँ छा गयी हैं।

आ) पृथ्वी पर क्या गिरी हैं ? (A)

A) बूँदे B) ओस C) शबनम D) चिंगारी

इ) खेतों पर क्या पुलकित हो गये हैं ? (B)

A) मन B) तृण-तृण C) दिल D) जन

ई) पेडों पर क्या छा गया हैं ? (C)

A) हरियाली B) पीलापन C) नवजीवन D) लाली

अभ्यास -4 प्रलय मचा रहा है मोंथा तूफ़ान
विलय हो रहा है सब संसाधन
जलद बन गये है उनके वाहन
कलेजा भर गया है बडी रुदन
काल हंस रहा है मनुज के बदन

अ) प्रलय कौन मचा रहा है ? उ- प्रलय मोंथा तूफ़ान मचा रहा है

आ) सब संसाधन क्या हो रहे हैं ? (A)

A) विलय B) प्रलय C) मलय D) निलय

इ) मोंथा के वाहन क्या बन गये हैं ? (B)

A) जलद B) जलद C) मोर D) शेर

ई) काल किसके बदन पर हँस रहा है ? (C)

A) बिल्ली B) हंस C) मनुज D) शेर

## प्रश्न संख्या : 6 (लेखक परिचय) 5M

6.निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए। 5 M

### विष्णु प्रभाकर-1

अभ्यास -1 विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ। वे आदर्शप्रिय व्यक्ति थे। इन्हें प्रेमचंद परंपरा का आदर्शोन्मुख यथार्थवादी लेखक कहा जाता है। 'आवरामसीहा' नामक रचना पर इन्हें सेवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने 'पद्मभूषण' से सम्मानित किया है।

प्रश्न :

अ) विष्णु प्रभाकर का जन्म____________में हुआ। उ- 1912

आ) विष्णु प्रभाकर____________ व्यक्ति थे। उ- आदर्शप्रिय

इ) विष्णु प्रभाकर की प्रमुख रचना____________ है। उ- 'आवरामसीहा'

इ) विष्णु प्रभाकर____________ परंपरा के लेखक हैं। उ- प्रेमचंद

उ) भारत सरकार ने विष्णु प्रभाकर को ____________से सम्मानित किया है। उ-'पद्मभूषण'

### विष्णु प्रभाकर-2

निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए। 5 M

अभ्यास -3 विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ। वे आदर्शप्रिय व्यक्ति थे। इन्हें प्रेमचंद परंपरा का आदर्शोन्मुख यथार्थवादी लेखक कहा जाता है। 'आवरामसीहा' नामक रचना पर इन्हें सेवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने 'पद्मभूषण' से सम्मानित किया है।

प्रश्न :

अ) विष्णु प्रभाकर का जन्म सन्____________ में हुआ। उ-1912

आ) विष्णु प्रभाकर____________ व्यक्ति थे। उ- आदर्शप्रिय

इ) विष्णु प्रभाकर को ____________ परंपरा का लेखक कहा जाता है। उ- प्रेमचंद

ई) आवारा मसीहा नामक रचना पर विष्णु प्रभाकर को ___पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उ-'पद्मभूषण'

उ) विष्णु प्रभाकर की प्रमुख रचना ____________ है। उ-'आवरामसीहा'

### काका कालेलकर-1

अभ्यास -2 काका कालेलकर का पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है। उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्यु सन् 1991 में हुई। इन्होंने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया। इन्होंने हिन्दुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं।

प्रश्न :

निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए। 5 M

अ) कालेलकर____________ के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। उ- हिन्दुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा

आ) कालेलकर आजीवन ____________का पालन किया। उ- गांधीवादी विचारधारा

इ) कालेलकर का जन्म सन्____________ में और मृत्यु सन् 1991 में हुई। उ-1885

ई) वे____________ के सदस्य भी रह चुके। उ- राज्यसभा

उ) काका कालेलकर का पूरा नाम____________ है। उ- दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर

### काका कालेलकर -2

अभ्यास -4 काका कालेलकर का पूरानाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है। उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्यु सन् 1991 में हुई। इन्होंने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया। इन्होंने हिन्दुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं।

प्रश्न :

अ) काका कालेलकर का पूरा नाम____________ है। उ- दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर

आ) काका कालेलकर की मृत्यु____________ में हुई। उ-1991

इ) ____________ ने आजीवन गंधीवादी विचारधारा का पालन किया। उ- काका कालेलकर

ई) काका कालेलकर ने____________ के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। उ- हिन्दुस्तानी प्रचार सभा, वार्धा

उ) काका कालेलकर ____________ के सदस्य भी रह चुके हैं। उ- राज्यसभा

HAMARI HINDI

### श्री प्रकाश

अभ्यास -4 श्री प्रकाश हिंदी के जाने-माने लेखक है। इन्होंने विज्ञान विषय संबंधी ढेर सारे निबंध लिखे हैं। इनके निबंध विचारोत्तेजक है। प्रस्तुत रचना संचार माध्यम के लिए विज्ञान नामक पुस्तक से ली गई है।

प्रश्न :

अ) हिंदी के जाने-माने लेखक __________है। उ- श्री प्रकाश

आ) श्री प्रकाश ने________संबंधी ढेर सारे निबंध लिखे हैं। उ- विज्ञान
इ) श्री प्रकाश __________के निबंध है। उ- विज्ञान
ई) प्रस्तुत रचना___________ नामक पुस्तक से ली गई है। उ- संचार माध्यम के लिए विज्ञान
उ) श्री प्रकाश______________ के जाने-माने लेखक है। उ- हिंदी

## प्रश्न संख्या : 7 - (कवि परिचय) 5M

**7. संकेतों के आधार पर कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5 M**

**अ) रहीम :**

i) जन्म 1556
ii) निधन 1626
iii) संस्कृत, अरबी, फारसी
iv) रहीम सतसई, बरवै नायिका भेद
v) मित्र, प्रधान सेनापति और मंत्री

उ- * रहीम हिंदी के प्रमुख कवि हैं।
* इनका जन्म 1556 में हुआ था।
* इनकी मृत्यु 1627 में हुई।
* वे संस्कृत, अरबी, फ़ारसी के विद्वान और साहित्य मर्मज्ञ थे।
* इनकी प्रमुख रचनाएँ- रहीम सतसई, बरैवी नायिका भेद, श्रृंगार सोरठ आदि हैं।
* रहीम अकबर के मित्र, सेनापति, मंत्री, दरबारी कवि और नवरत्नों में एक थे।

**अ) बिहारी :**

i) जन्म 1595
ii) निधन 1663
iii) दोहे नीतिपरक
iv) गगर में सागर
v) बिहारी सतसई

उ- * बिहारी हिंदी के प्रमुख कवि हैं।
* इनका जन्म 1595 में हुआ था।
* इनकी मृत्यु 1663 में हुई।
* इनके दोहे नीतिपरक होते हैं।
* बिहारी लाल के दोहों में गागर में सागर भर देने वाली बात रहती है।
* इनकी प्रसिद्ध रचना बिहारी सतसई है।

**आ) सुमित्रानंदन पंत (कवि परिचय)**

i) बरसते बादल
ii) काव्य-पाठ के लिए पुरस्कृत
iii) साहित्य अकादमी
iv) वीणा, ग्रंथि, पल्लव
v) निधन 1977

उ- * बरसते बादल कविता के कवि श्री सुमित्रानंदन पंत जी हैं।
* वे हिंदी के प्रमुख कवि हैं।
* उन्हें सात वर्ष की उम्र में ही स्कूल में काव्य पाठ के लिए पुरस्कार मिला।
* इन्हें साहित्य अकादमी, सोवियत रूस, 'चिदंबरा' काव्य पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।
* इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ- वीणा, ग्रंथि, पल्लव, गुंजन, चिदंबरा आदि हैं।
* इनका जन्म 1900 में और निधन 1977 में हुआ।

HAMARI HINDI

**आ) आर.पी. निशंक :**

i) रमेश पोखरियाल निशंक

ii) मातृभूमि के लिए

iii) आधुनिक हिंदी साहित्यकार

iv) मुख्य प्रतिपाद्य

v) जीवन पथ में, कोई मुश्किल नहीं

उ- - * आर. पी निशंक हिंदी के प्रमुख कवि हैं।

* उनका पूरा नाम रमेश पोखरियाल निशंक जी है।

* हम भारतवासी कविता 'मातृभूमि के लिए' कविता संग्रह से ली गई है।

* ये आधुनिक हिंदी साहित्यकारों में विशिष्ट स्थान रखते हैं।

* इनकी रचनाओं का मुख्य प्रतिपाद्य देशभक्ति है

* इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ- जीवन पथ में, कोई मुश्किल नहीं समर्पण, नवंकुर आदि हैं।

## भाग-2 (16M) (Q.NO.S 8,9,10,11)

### प्रश्न संख्या : 8 – अ/ आ (दोहे) 4M

**अ) दोहे की पूर्ति कीजिए।**

**अ) कहि रहीम_______________ साँचे मीत ॥**

कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत।
बिपति कसौटी जे कसे, तेई साँचे मीत॥

**आ) रहिमन पानी_______________ मानुष चून ॥**

रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून॥

**इ) कनक-कनक_______________ पाए बौराइ ॥**

कनक-कनक तैं सौ गुनी, मादकता अधिकाइ।
उहि खाए बौराइ जग, इहिं पाए बौराइ॥

**ई) नर की अरु_____________ ऊँचौ होइ।**

नर की अरु नल नीर की, गति एकै कर जोइ।
जेतौ नीचौ हवै चलै, तेतौ ऊँचौ होइ॥

### प्रश्न संख्या : 9 - अ, आ (गद्य भाग के पहले छः पाठों के प्रश्न) 4M

**9.निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।** **4 M**

**ईदगाह**

उ- यह प्रश्न "ईदगाह" पाठ से दिया गया है।

पाठ का नाम : ईदगाह
लेखक : प्रेमचंद जी
जन्म : 1880-1936
प्रमुख रचनाएँ : 12 उपन्यास, गोदान, गबन, निर्मला
उपाधि : उपन्यास सम्राट

★ हामिद 4-5 साल का लड़का था। दादी अमीना के पास रहता था।

★ ईद के दिन मित्रों से मिलकर ईदगाह जाता था।

★ सभी बच्चे मिठाइयाँ और खिलौने खरीदते थे।

★ लेकिन हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा खरीदा।

★ क्योंकि रोटियाँ सेंकते समय दादी की उँगलियाँ जल जाती थीं।

★ चिमटा देखकर अमीना का मन गदगद हो गया और उसकी आँखों से आँसू बहने लगे।

★यदि मैं हामिद के स्थान पर होता तो मैं भी अपनी दादी के लिए चिमटा ही खरीदता, क्योंकि इससे उनकी उँगलियाँ जलने से बच जातीं और उन्हें सुविधा होती।

**"लोकगीत"**

उ- यह प्रश्न "लोकगीत" पाठ से दिया गया है।

पाठ का नाम : लोकगीत
लेखक : भगवतशरण उपाध्याय जी

HAMARI HINDI

जीवनकाल : 1910-1982
रचनाएँ :कालिदास का भारत, गंगा गोदावरी

★ लोकगीत सीधे जनता का संगीत है, इनके रचनेवाले गाँव के स्त्री-पुरुष होते हैं।

★ ये ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि वाद्य-यंत्रों की सहायता से गाए जाते हैं।

★ लोकगीत ताजगी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न होते हैं, इसलिए लोकगीत और संगीत का घनिष्ठ संबंध है।

★ बारहमासा (उत्तर प्रदेश), बिदेसिया (भोजपुरी), माहिया (पंजाबी), ढोला-मारू (राजस्थान), बाउल (बंगाल) आदि प्रसिद्ध लोकगीत हैं।

★ भोजपुरी क्षेत्र में लगभग तीस-चालीस वर्षों से बिदेसिया लोकगीत का प्रचार हुआ है।

★ बिदेसिया गीतों में परदेशी प्रेमी की याद, करुणा तथा विरह रस अधिक पाया जाता है और यह बहुत लोकप्रिय है।

★ लोकगीत स्वच्छ जीवन के प्रतीक हैं।

## "अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी"

उ- यह प्रश्न "अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी" पाठ से दिया गया है।
यह एक पत्र है, जिसमें हिंदी भाषा की महानता का वर्णन किया गया है।

★ हिंदी भारत की सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने वाली प्रमुख भाषा है।

★ भारत को आज़ादी दिलाने में हिंदी भाषा का विशेष योगदान रहा है।

★ हिंदी भारतीयों को एकता के सूत्र में बाँधती है, इसलिए यह अनेकता में एकता का प्रतीक है।

★ महात्मा गाँधी जी ने भी हिंदी भाषा का समर्थन किया था।

★ हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस तथा 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाये जाते हैं।

★ मनोरंजन की दुनिया में भी हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि फिल्में, गीत, नाटक और मीडिया के माध्यम से हिंदी जन-जन तक पहुँचती है और देशभक्ति व एकता को बढ़ाती है।

## प्रश्न संख्या : 10 - अ, आ (गद्य भाग के अंतिम छः पाठों के प्रश्न) 4M

**10.निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।** 4M

## स्वराज्य की नींव

उ- यह प्रश्न "स्वराज्य की नींव" पाठ से दिया गया है।
पाठ का नाम :स्वराज्य की नींव
एकांकीकार :विष्णु प्रभाकर जी
जन्म :1912-2009
रचनाएँ :आवारा मसीहा आदि
पुरस्कार :पद्म भूषण, सोवियत लैंड नेहरू

★ विष्णु प्रभाकर जी हिंदी के प्रमुख लेखक हैं।

★स्वराज्य की नींव का पत्थर बनने का अर्थ है कि सेवा, तपस्या बलिदान आदि गुण अपनाकर संघर्ष करना।

★आवश्यकता पड़ने पर शहीद बनने को भी तैयार रहे।

★रानी लक्ष्मीबाई झाँसी की वीरांगना रानी थीं।

★उनका कथन “मैं अपनी झाँसी नहीं दूँगी” मुझे बहुत अच्छा लगा, क्योंकि यह उनके साहस, देशभक्ति और आत्मसम्मान को दर्शाता है।

## दक्षिणी गंगा गोदावरी

उ -यह प्रश्न "दक्षिणी गंगा गोदावरी" पाठ से दिया गया है।

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : दक्षिणी गंगा गोदावरी |
| लेखक | : काका कालेलकर जी |
| जीवनकाल | : 1885-1991 |
| रचनाएँ | : सप्त सरिता आदि |
| विशेष | : राज्यसभा के सदस्य |

★ इस पाठ में गोदावरी नदी की महानता के बारे में बताया गया है।

★ इसके विशाल जल राशि से लाखों एकड़ भूमि की सिंचाई होती है, इसलिए इसे धीर-गंभीर माता की संज्ञा दी गई है।

★ गोदावरी नदी के टापू प्रसिद्ध हैं। कई तो पुराने धर्म की तरह जहाँ के तहाँ स्थिर रूप होकर जमे हुए हैं।

★ इनमें बगुले रहते हैं। चलते समय वे अपने गहरे पद निशान अंकित करते हैं।

## "जल ही जीवन है"

उ-यह प्रश्न "जल ही जीवन है" पाठ से दिया गया है।

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : जल ही जीवन है। |
| कहानीकार | : श्री प्रकाश जी |
| रचनाएँ | : संचार माध्यमों के लिए विज्ञान |

★ जल ही जीवन है। अर्थात "पानी ही सब कुछ है।" पानी के बिना प्राणी नहीं रह सकते।

★ सर्वेक्षण में बताया गया कि - पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है।

★ मानवाकृति अंतरिक्ष यात्रियों के ग्रह का पानी विषाणुओं के कारण जहरीला हो गया था।

★ अपने ग्रहवासियों को बचाने के लिए वे पृथ्वी से जल ले जाने के उद्देश्य से यहाँ आए थे।

## धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब

उ-यह प्रश्न "धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब पाठ से दिया

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | :धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब |
| विधा | : साक्षात्कार |
| विशेष | : अब्दुल कलाम, टेसी थॉमस के साक्षात्कार |

★ इस पाठ में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी तथा उनकी शिष्या टेसी थॉमस के विचारों का वर्णन किया गया है।

★ कलाम जी के अनुसार आदर्श छात्र के गुण ये हैं-

- बच्चे - अपने प्रति ईमानदार और दूसरों के प्रति आदर होना चाहिए।
- भ्रष्टाचार मुफ्त रहना और परिश्रमी बनना है।

-सत्य का पालन, कानून का सम्मान करना चाहिए तथा अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए।

★ टेसी थॉमस विद्यार्थियों को यह संदेश देती हैं कि-

- वे मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित करें।
- तथा देश के विकास में योगदान दें।

## प्रश्न संख्या : 11 - अ, आ (उपवाचक के प्रश्न) 4M

**11.निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए ।** 4 M

**"दो कलाकार"**

उ- यह प्रश्न "दो कलाकार" पाठ से दिया गया है। कहानीकार - मन्नू भंडारी जी है।

★ अरुणा और चित्रा सहेलियाँ हैं।

★ चित्रा ललितकला प्रेमी है। चित्रा के उद्देश्य में कला कला के लिए है, न कि जीवन के लिए।



★ अरुणा उपयोगी कला प्रेमी है। अरुणा के उद्देश्य में कला जीवन के लिए है, न कि मात्र कला के लिए।

★ अरुणा मदर तेरेसा की तरह ममतामयी और करुणामयी है। वह अनाथों की नाथ है।

★ चित्रा विदेश जाकर अपनी चित्रकला को निखारती है और प्रसिद्धि प्राप्त करती है।

हमारी हिंदी

## भाग-3 (8+8=16M)

**प्रश्न संख्या : 12 - अ, आ (पद्यभाग सारांश) 8M**

**बरसते बादल (8M)**

उ- **परिचय:** यह प्रश्न "बरसते बादल" पाठ से दिया गया है।

पाठ का नाम : बरसते बादल
विधा : कविता
कवि का नाम : सुमित्रानंदन पंत जी
जीवन काल :1900-1977
प्रमुख रचनाएँ : चिदंबरा
पुरस्कार : ज्ञान पीठ (चिदंबरा )

**सारांश :** ★ वर्षा ऋतु हमेशा सब की प्रिय ऋतु रही है। सावन के महीने में मेघ झम झम बरसते हैं।

★ वर्षा के समय प्रकृति की सुंदरता देखने लायक होती है।

★ पेड-पौधे, पशु-पक्षी, मनुष्य और यहाँ तक की धरती खुशी से झूम उठते हैं।

★ आकाश में बिजली चमचम चमकती है।

★ पानी बरसते समय मेंढक खुशी से टर्राते हैं। मोर कूकते हुए नाचने लगते हैं।

★ बारिश की धारा को पकड़ कर मन झूलने लगता है।

★ प्रकृति में रहनेवाला हर प्राणी वर्षा पर निर्भर रहता है। पानी के बिना मानव, पशु पक्षी और पेड-पौधे जीवित नहीं रह सकते।

★वर्षा से नदियाँ भरती हैं। वह पानी फसलों के लिए काम आता है। अतः वर्षा सभी प्राणियों के लिए जीवन का आधार है।

**विशेषता:** इसी सौंदर्य का वर्णन यहाँ प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि सब के मन को भानेवाला यह श्रावण मास हमारे जीवन में फिर-फिर आयें।

**कण-कण का अधिकारी**

उ- यह प्रश्न "कण-कण का अधिकारी" पाठ से दिया गया है।

पाठ का नाम : कण-कण का अधिकारी
कवि का नाम : डॉ. रामधारी सिंह दिनकर जी
जीवन काल : 1908-1974
रचनाएँ : ऊर्वशी, कुरुक्षेत्र, रेणुका आदि।
पुरस्कार : ज्ञानपीठ - ऊर्वशी

★इस कविता में कवि ने मेहनत करनेवाले व्यक्तियों की महानता के बारे में कहा।

★ मेहनत ही सफलता की कुंजी है।

★कुछ लोग पाप करके धन कमाते हैं।

★उस धन को कुछ लोग भाग्यवाद के छल से भोगते हैं।

★नर समाज का भाग्य श्रम और भुजबल ही है।

★श्रामिक के सम्मुख भूमि और आकाश झुकते हैं।

★परिश्रमी मानव ने श्रमजल दिया उसे आगे रखना है।

★प्रकृति में छिपी हर संपदा मनुष्य का धन है।

★श्रामिक व्यक्ति कण कण का अधिकारी है।

**विशेषता:** : जो श्रम करके सफलता पाता है, वही कण कण का अधिकारी है। इस सारा संसार श्रम पर ही - टिका हुआ है।

## प्रश्न संख्या : 13 - अ, आ (गद्यभाग सारांश) 8M

### ईदगाह (8M)

उ-परिचय- यह प्रश्न "ईदगाह" पाठ से दिया गया है।

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : ईदगाह |
| लेखक | : प्रेमचंद जी |
| जन्म | : 1880-1936 |
| प्रमुख रचनाएँ | : 12 उपन्यास, गोदान, गबन, निर्मला |
| उपाधि | : उपन्यास सम्राट |

★ हामिद 4-5 साल का लड़का था।

★ उसके माता-पिता मर गये थे।

★ इसलिए दादी अमीना के पास रहता था।

★ ईद के दिन मित्रों से मिलकर ईदगाह जाता था।

★ सभी बच्चे मिठाइयाँ और खिलौने खरीदते थे।

★ हामिद के पास 3 पैसे थे।

★ लेकिन हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा खरीदा।

★ क्योंकि रोटियाँ सेंकते समय दादी की उँगलियाँ जल जाती थीं।

★ चिमटा देखकर अमीना का मन गदगद हो गया और उसकी आँखों से आँसू बहने लगे।

**विशेषता-** इस पाठ में बताया गया है कि बड़े-बुजुर्गों के प्रति प्रेम, सेवा और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

### लोकगीत

उ- परिचय: यह प्रश्न" लोकगीत "पाठ से दिया गया है।

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : लोकगीत |
| लेखक | : भगवतशरण उपाध्याय जी |
| जीवनकाल | :1910-1982 |
| रचनाएँ | : कालिदास का भारत, गंगा गोदावरी |

★ लोकगीत सीधे जनता के संगीत है।

★ इनके रचनेवाले गाँव के स्त्री-पुरुष हैं।

★ ये साधारण ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाये जाते हैं।

★ स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गाती हैं।

★ पहाडियों के अपने लोकगीत हैं।

★ आल्हा एक सुप्रसिद्ध लोकगीत हैं।

★ बारहमासा - उत्तर प्रदेश, बिदेसिया-भोजपुरी, माहिया-पंजाबी, ढोला- मारू - राजस्तान, बाउल-बंगाल में लोकप्रिय लोकगीत हैं।

★ लोकगीत स्वच्छ जीवन के प्रतीक हैं।

विशेषता: इस प्रकार लोकगीत ग्रामीण जीवन का सजीव और मनोरंजक माध्यम हैं।

HAMARI HINDI

## जल ही जीवन

उ- परिचय: यह प्रश्न "जल ही जीवन है" पाठ से दिया गया है।

पाठ का नाम : जल ही जीवन है।

कहानीकार : श्री प्रकाश जी

रचनाएँ : संचार माध्यमों के लिए विज्ञान

विषय विस्तार:

★ जल ही जीवन है। अर्थात "पानी ही सब कुछ है।" पानी के बिना प्राणी नहीं रह सकते।

★ जल हमारे जीवन का प्रमुख आधार है। जल के बिना हमारा जीवन ही नहीं है।

★ आजकल स्वच्छ जल का अभाव बड़ी समस्या बनता जा रहा है।

★ सर्वेक्षण में बताया गया कि पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है।

